Lord Akash Bhairav Pakshiraj Mantra Sadhana

भगवान् आकाशभैरव (पक्षिराज) मंत्र साधना

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

Gurudev Raj Verma

Contact- +91-9897507933, +91-7500292413(WhatsApp No.)

Email- mahakalshakti@gmail.com

For more info visit---

www.scribd.com/mahakalshakti

www.gurudevrajverma.com

महान् ओज से सम्पन्न, मंत्रों के स्वामी, असंख्य गुणों वाले, अनन्तास्वरूप, देवताओं की अक्षय निधि, शिवावतार, क्रोधराज आकाशभैरव की अद्भुत लीलाओं और आलौकिक रहस्यों को उनके अतिरिक्त संसार में कौन समझ सकता है, अगर समझा जा सकता है तो केवल प्रेम और निश्चल भक्ति से, बुद्धि और

चपलता से कदापि नहीं। फिर भी अपने अल्पज्ञान से जो तंत्रशास्त्रों में समझा और जो स्वयं अनुभव किया उसी का मिश्रित सार महादेव और गुरुदेव महाराज के तेजपुंज से प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा हूं।

देवाधिदेव महादेव जगत् के कल्याण एवं रक्षण हेतु स्वेच्छापूर्वक कई स्वरूपों में प्रकट हुए हैं। इनमें सबसें विचित्र, दुर्गम, अत्यन्त उग्र एवं महाभयंकर स्वरूप है- त्रिलोकी नाथ आकाशभैरव। आकाशभैरव- अर्थात् सम्पूर्ण आकाशमण्डल के एकमात्र अधिकारी। शिवजी के अनेंको दिव्यावतारों में से अत्यन्त उग्र, क्रोधयुक्त तथा विचित्रावतार भगवान् 'शरभराज' हैं। इनकी विचित्र देह में पशु और पक्षि के विराट अंगों का अनूठा मिश्रण है। अद्भुत एवं विशाल पंखों के कारण इन्हें 'पक्षिराज' भी कहा जाता है। भगवान् शरभेश्वर समस्त देवताओं और प्राणियों को ऊर्जा प्रदान करने वाले स्रोत हैं। इनकी उपासना से प्राप्त फल का शब्दों में वर्णन नहीं किया जा सकता है। संक्षेप में कहा जाये तो इनका उपासक प्रत्येक क्षेत्र में असाधारण सफलता प्राप्त कर परम सौभाग्य को

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

अति शीघ्र सिद्ध कर सकता है। इस महासाधना को सम्पन्न करने के पश्चात् मनुष्य को किसी और विद्या या मंत्र को सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं रहती है। तंत्रक्षेत्र और समाज में उपासक को आश्चर्यजनक लाभ होते हैं।

शरभावतार के विषय में कई कथाएं तंत्रशास्त्रों में प्रचलित हैं। आकाशभैरवकल्प, शिवपुराण तथा लिंगपुराण आदि शैवग्रन्थों में शिवजी की महिमा बताते हुए लिखा है- कि हिरण्यकशिपु का वध करने के पश्चात् जब भगवान् नृसिंह का क्रोध शान्त न हुआ और वे समस्त सृष्टि का संहार करने हेतु आतुर हो गये तो समस्त देवताओं द्वारा प्रार्थना करने पर भगवान् नृसिंह के स्वरूप को शान्त करने हेतु स्वयं शिवजी विराट पक्षी के रूप में अवतरित हुए। आपका आधा शरीर मृग का और आधा शरीर मनुष्य का है एवं मुख उल्लू पक्षी का है जिसमें तीन नेत्रों में अग्नि-सूर्य-चन्द्र का वास है। अष्टपादयुक्त, जिसमें शिव की अष्टमूर्तियां विराजित हैं। अपने हाथों में दिव्यास्त्रों को धारण किये हुए हैं, वज्र के समान कठोर नख हैं एवं अत्यन्त उग्र व चंचल जीभ है। इनके

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

एक पंख पर काली और दूसरे पंख पर दुर्गा विराजमान हैं। हृदय और उदर में प्रलयकाल की अग्नि व्याप्त है। कटिप्रदेश के नीचे का भाग हिरण की तरह एवं पूंछ सिंह के समान लम्बी और दोनों विशाल जंघाओं पर व्याधि एवं मृत्यु बैठे हैं। उड़ने की गति वायु के समान प्रचण्ड है। ऐसे महाविराट पक्षिराज ने नृसिंह को अपने पंजों से उठाकर आकाश में उड़ते हुए इतना भीषण चक्कर लगाया कि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में कम्पन होने लगा। तत्पश्चात् भगवान् नृसिंह ने अपने क्रोध का त्याग करते हुए दीनमुख होकर परमेश्वर शिव को स्तुति से प्रसन्न किया और अपने स्वरूप का विसर्जन किया तो शिवजी ने उनकी चर्म को प्रिय मानकर उसे बाघाम्बर रूप में धारण किया और उनके मुण्ड को अपनी मुण्डमाला में धारण किया, ऐसी प्राचीन शास्त्र-ग्रन्थों में कथा है।

वैष्णव आदि ग्रन्थों में विष्णुजी की महिमा बताते हुए कहा गया है कि- भक्त प्रह्लाद की स्तुति आदि से भगवान् नृसिंह का क्रोध शान्त हुआ था। प्रत्येक देवता के ग्रन्थ में उनकी प्रशंसा एवं महिमा की उपस्थिति होना स्वाभाविक ही है। अतः साधकजन को

भगवान् शिव एवं विष्णु के देवत्व में भेदभाव न रखते हुए दोनों को एक समान ही समझना चाहिये। त्रिदेवों की रहस्यमयी माया को उनके अतिरिक्त समझने की क्षमता और किसी में नहीं है। एक ओर भगवान् शिव ने हनुमान रूप में विष्णु के अंश श्रीराम की सेवा की है तो दूसरी ओर विष्णु के अंश राम और परशुराम ने शिवजी को अपना आराध्य माना है। इसी प्रकार देवी-देवताओं द्वारा एक दूसरे को सम्मानित कर स्तुति करने की कई कथाएं हमारे पुराणों में वर्णित हैं। शिवपुराण, स्कन्दपुराण आदि कई शास्त्रपुराणों में दोनों देवों ने स्पष्ट रूप से कहा है- कि शिव ही विष्णु है और विष्णु ही शिव है। केवल नाम और स्वरूप का ही अन्तर है। जो शिव उपासक होकर विष्णु की और जो विष्णु उपासक होकर शिव की निन्दा करेगा या हम दोनों में जो भेद-बुद्धि रखेगा उसे महानरक की प्राप्ति होगी। महादेव के शरीर के बायें भाग से विष्णुजी की तथा दायें भाग से ब्रह्माजी की उत्पत्ति मानी गयी है। लिंगपुराण में वीरभद्र शिव देवताओं से कहते हैं कि- 'जैसे जल में जल, दूध में दूध और घृत में घृत डाले जाने पर एक हो जाता है; वैसे ही विष्णु में शिव लीन हैं,

इसमें संदेह नहीं है। ये गर्वयुक्त महाबली नृसिंह जगत् का संहार करने वाले रूप में प्रकट हुए हैं। मेरी भक्ति की सिद्धि चाहने वालों को नृसिंह की पूजा अवश्य करनी चाहिये; उन नृसिंहरूपधारी विष्णु को नमस्कार है।'

श्मशान रुद्र, प्रलय कालाग्नि रुद्र, नीलभैरव, उग्रभैरव, महारुद्र, महाभैरव, आकाश भैरव, आशुगरुड, शरभराज, शरभसालुव तथा पक्षिराज इनके प्रमुख नाम हैं। ये ही सत्ययुग में योगी, त्रेता में यज्ञस्वरूप, द्वापर में कालाग्नि तथा कलियुग में धर्मकेतु नाम से कहे जाते हैं। शरभराज जी की साधना सर्वबाधाओं से मुक्त कर मनुष्य को अभय प्रदान करती है। जब प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से शत्रु दुःख पहुंचाने लगें, अभिचारिक क्रिया का किसी भी विद्या से निवारण न हो पा रहा हो, दुर्भाग्य मनुष्य के जीवन में डेरा डालकर बैठ गया हो, अकालमृत्यु अथवा किसी गम्भीर रोग से मनुष्य ग्रस्त हों, तो इन सभी व्याधियों के विनाश हेतु मनुष्य को शरभेश्वर की विधिमय उपासना करनी चाहिये। स्वयं देवता भी शरभराज जी के सच्चे साधक का अनिष्ट नहीं कर सकते। यह

तंत्र क्षेत्र की वह सर्वोच्च साधना है जो साधक को पूर्ण सक्षम बनाती है और एक किले की तरह अपने भक्त को सब प्रकार सुरक्षित रखती है। इनके प्रयोग नृसिंह से भी अधिक घातक हैं, क्योंकि उग्रता, भीषणता एवं तीक्ष्णता के रूप में ही इनका प्रादुर्भाव हुआ था इसलिये आत्मरक्षा कवच एवं गुरु का संरक्षण प्राप्त कर ही इनकी साधना में प्रवेश करना चाहिये। इनके प्रयोगों का अधिकारी उच्च कोटि साधक ही हो सकता है। भगवान् शिव, मृत्युंजय या भगवती दुर्गा के कम से कम 5-7 लाख जप करने के पश्चात् ही इनकी साधना में प्रवेश करना चाहिये। बगला, काली, छिन्नमस्ता के मंत्र जब पूर्ण फल प्रदान न करें, तो साथ में इनके मंत्रों का प्रयोग करना चाहिये। पक्षियों के लिये जल-भोजन आदि की व्यवस्था तथा पिंजरे में कैद पक्षियों को मुक्त कराने से विशेष लाभ की प्राप्ति होती है। शरभराज का चित्र या यंत्र उपलब्ध न हो तो शिवजी के समक्ष यह साधना सम्पन्न की जा सकती है। एकान्त गृह में स्थित पूजास्थान, शिवमन्दिर, भैरवमन्दिर, श्मशान एवं बिल्ववृक्ष के मूल में इनकी साधना सम्पन्न कर सकते हैं। प्रारम्भ में अष्टभैरव, एकादशरुद्र और

उनकी शक्तियों की पूजार्चन कर उनसे साधना में निर्विघ्नतापूर्वक सफलता का आशीर्वाद ग्रहण करना चाहिये। इस प्रकार सम्पन्न साधना से अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है।

इनकी महिमा के बारें में लिखा है- पक्षिराज का प्रयोग किसी पर किया जाये तो स्वर्ग-पाताल-भूतल पर त्रिदेव भी उसकी रक्षा नहीं कर सकते। सरसों के तेल से बीजमंत्र, मूलमंत्र, रुद्रसूक्त या पक्षिराजस्तोत्र के द्वारा शिवलिंग का अभिषेक किया जाये तो असाध्य रोग व कृत्या दोष समाप्त होते हैं। सरसों के तेल से अभिषेक के पश्चात् शान्ति हेतु पुनः दुग्ध, दही या सुगन्धित द्रव्यों आदि से अभिषेक करना चाहिये।

शरभराज जी की साधनाकाल के अन्तर्गत साधक को स्वप्न में आकाश में तीव्र गति से उड़ते हुए विशाल पक्षी या स्वयं शिवजी के दर्शन हो सकते हैं, क्योंकि सम्पूर्ण आकाशमण्डल इन्हीं का क्षेत्रफल है। कुछ उच्च साधकों को रात्रिकाल में जाग्रत अवस्था में भी कुछ क्षण के लिये आकाश में इनके दर्शन हुए हैं। साधक की श्रद्धा एवं योग्यतानुसार ही देवता अपने स्वरूप के दर्शन कराते

हैं। प्रारम्भिक अवस्था में साधक को क्रोध या आवेश अधिक रह सकता है इसके लिये नित्य शान्ति कर्म करने का प्रावधान है। इस प्रकार की उग्र साधनाओं में विशेष सतर्कता एवं मार्गदर्शन की परम आवश्यकता होती है। सम्पूर्ण यम नियमों एवं परिस्थितिनुसार साधना में परिवर्तन करने की विधियों को प्रस्तुत करना असम्भव है। अतः उच्चकोटि साधक, जो साधना क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव रखता हो ऐसे तंत्राचार्य के संरक्षण में ही इस महासाधना को सम्पन्न करने का प्रयास करना चाहिये।

गुरु-शिष्य आचार संहिताः- मंत्र साधन के लिये गुरु एक अनिवार्य तत्व है। मनुष्य देह मनुष्य देह से ही ज्ञानार्जित कर सकता है, इसलिये परमात्मा मनुष्य रूप में आकर जीव को ज्ञान प्रदान करते हैं। स्वयं हनुमानजी, श्रीराम, श्रीकृष्ण एवं अन्य अवतारों तथा महापुरुषों ने भी मनुष्य रूप में आध्यात्मिक गुरु को स्वीकार किया था। शास्त्रों में लिखा है कि गुरु बनाने से पूर्व उनका निरीक्षण करना चाहिये, उसमें अमुक-अमुक लक्षण होने चाहियें, परंतु एक शिष्य के लिये किसी गुरु का वास्तविक परीक्षण

करना इतना सरल नहीं होता। फिर भी यदि किसी गुरु से मिलकर परम शान्ति का अनुभव हो, चित्त में प्रसन्नता आ जाये, उनके प्रवचनों से मनुष्य की जिज्ञासा एवं शंकाओं का निवारण हो, बार-बार उनसे मिलने की इच्छा प्रकट हो, विशिष्ट तंत्रज्ञान एवं तेजयुक्त आभामण्डल हो, तो उन महापुरुष से दीक्षा ग्रहण कर लेनी चाहिये। फिर उनकी जाति या उम्र नहीं देखी जाती है। फिर भी गुरु का चयन करने में कोई समस्या उत्पन्न हो, तो जगत्गुरु महादेव के इस मंत्र (ॐ जगत्गुरु शिवाय नमः) की रात्रिकाल में 41 माला कम से कम तीन महीने तक नित्य करें। नित्य श्रद्धापूर्वक गुरु से मिलन की प्रार्थना करें तो गुरुदेव के स्वप्न में दर्शन होते हैं। मंत्र जप के पश्चात् मौनपूर्वक वहीं पूजनस्थल पर ही भूमि पर शयन करना है। आवश्यक यमनियमों का पालन अनिवार्य है।

गुरु और देवता को प्रसन्न करना जितना कठिन है उससे भी अधिक कठिन है इन सम्बन्धों को परस्पर बनाए रखना। वास्तव में कुछ लोग केवल कार्य सिद्धि के लालच में गुरुदेव कह देते हैं,

किन्तु इसको हृदय से नहीं स्वीकारते। यही उनसे साधना में सबसे बड़ा दोष हो जाता है। गुरु भी इस तथ्य को समझते हैं, इसलिये वह भी इतनी शीघ्र अत्यन्त गूढ़ रहस्यों, अनुभवों एवं विधानों को शिष्य के समक्ष प्रकट नहीं करते। वास्तव में गुरु का सम्मान और सेवा भी माता-पिता के समान ही होती है। यदि मातृपितृ भावना से हम गुरु को संतुष्ट कर सकते हैं, तो ही हमें गुरु दीक्षा रूपी अटूट सम्बन्ध स्थापित करना चाहिये, अन्यथा नहीं। जो मनुष्य निश्चल भाव से स्वयं को अपने गुरु को समर्पित कर देता है, बिना तर्क वितर्क किये उनके द्वारा निर्देशित पूजा पद्धति को मस्तक पर धारण करता है, वहीं देवसिद्धि को प्राप्त कर सकता है, क्योंकि दीक्षा के समय जगत्गुरु महादेव का ही मनुष्यरूपी गुरु में अधिष्ठान माना जाता है। ऐसे शिष्य चाहे मंदबुद्धि भी हों तब भी उनकी पूजा शीघ्र स्वीकार्य होती है। जो मनुष्य अपनी सांसारिक कामना, बुद्धि, विचार और अहं भाव आदि विकारों के साथ गुरु से सम्बन्ध बनाता है, तो कुछ समय पश्चात् वह गुरु का परित्याग कर ही देता है, क्योंकि गुरु और देवता ब्रह्माजी की लेखनी को बार-बार चुनौती नहीं दे सकते। यह ज्ञान परिपक्व

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

मनुष्य के पास होना चाहिये। इस दुर्व्यवहार से भले ही गुरु उसे कोई दण्ड न दें, लेकिन आचार-संहिता का उल्लंघन कर वह पाप का भागी तो बन ही जाता है। एक सच्चा साधक जिस पर ईश्वरीय कृपा हो, उन गुरु की उपेक्षा करने वाले मनुष्य को उसका भोग देर-सवेर किसी न किसी रूप में भोगना ही पड़ता है, ऐसे कई प्रत्यक्ष अनुभव हैं मेरे पास। जब तक हमारे अनुसार अति शीघ्र हमारा कार्य सिद्ध होता रहे तो गुरु और मंत्र पर श्रद्धा बनी रहती है, परंतु आगे जाकर कुछ कार्य न हो तो दोनों का परित्याग करना, यह मनुष्य का बहुत बड़ा दोष है। मनुष्य का कई कामनाओं से लदा हुआ साधनारथ अधिक दूरी तक नहीं जा सकता। वह या तो रुक जायेगा या रास्ता भटक जायेगा। मनुष्य को अपने इष्टदेव पर धैर्य रखते हुए उन्हें पर्याप्त समय देना चाहिये जिससे वह मनुष्य के अनुकूल परिस्थितियां उत्पन्न कर सके और हमारी हर इच्छा देवता मंत्र के द्वारा पूरी कर देंगे, इस भावना का भी त्याग करें। लोटे को चाहे समुद्र में एक मील नीचे डुबो दो, पर उसमें जल तो उसके आकार जितना ही समायेगा।

शिष्य अपनी सेवा और प्रेम से गुरु को विवश कर सकता है कि गुरु वह गूढ़ रहस्य और विद्याएं उस शिष्य के समक्ष प्रकट कर दे जिसे गुरु ने अपने पुत्र के समक्ष भी प्रकट न की हो, क्योंकि कुछ आलौकिक रहस्य और विधान गुरु शिष्य की पात्रता, भक्ति, परीक्षा, सेवा और एक निश्चित समय के उपरान्त् ही प्रदान करता है। देवता की भांति गुरु की कृपा प्राप्त करने के लिये भी श्रद्धा, सेवा, निष्ठा एवं धैर्य की आवश्यकता होती है। हमारे पुराणों में ऐसे कई शिष्यों के उदाहरण मिलते हैं, जिन्होंने अपनी सेवा भक्ति से गुरु के कठोर स्वभाव को भी निर्मल बनाकर उनसे सिद्धता प्राप्त कर ली थी। जो भाव देवता व मंत्र में हो वही भाव अपने सद्गुरु में भी होना चाहिये। मात्र वाणी में ही नहीं, हृदयमन्दिर में भी गुरुश्रद्धा होनी चाहिये। अपनी योग्यता एवं गुरु की आवश्यकतानुसार उन्हें संतुष्ट करने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिये। गुरु प्रसन्न न हो या हमसे रुष्ट हो तो हमें गुरु को प्रसन्न करने का यत्न करना चाहिये न कि अन्य विकल्प की

ओर मुख करना चाहिये। गुरु धारण करने से पूर्व ही हमें अपनी सारी शंकाओं और जिज्ञासाओं का भली प्रकार से समाधान कर लेना चाहिये, किन्तु गुरु धारण करने के बाद उनकी आज्ञा को ईश्वर का वचन मानें। हो सकता है कि प्रथम या द्वितीय बार में दुर्भाग्यवश आपको सुयोग्य गुरु ना मिले, परन्तु जिसमें ईश्वर उपासना की तीव्र उत्कण्ठा हो और शिष्य एवं साधक के सर्वगुण विद्यमान हो ऐसे साधु के लिये ईश्वर स्वयं श्रेष्ठ गुरु की व्यवस्था कर देते हैं।

शास्त्रों में कुछ नियम एवं संहिताएं गुरु के लिये भी निर्देशित हैं। जिसका पालन न करने से गुरु को भी आध्यात्मिक हानि होती है और मरणोपरान्त् नरक की प्राप्ति होती है। गुरु की महिमा गोविन्द से भी अधिक बतायी गयी है, पर वह महिमा भी उस गुरु की है, जो शिष्य का उद्धार करने में सक्षम हो। श्रीमद्भागवत में लिखा है– 'जो समीप आयी हुई मृत्यु से नहीं छुड़ाता, वह गुरु गुरु नहीं है, स्वजन स्वजन नहीं है, पिता पिता नहीं है, माता माता नहीं है, इष्टदेव इष्टदेव नहीं है और पति पति नहीं है।' अर्थात् जब तक अपने शिष्य का कल्याण करने की क्षमता न आ जाये, तब तक वह गुरु पदवी को न संभाले।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

कारण कि गुरुरूपी वैद्य का चोला तो पहन लें, लेकिन शिष्यरूपी रोगी का उपचार न कर पाये तो दोष तो गुरु को ही लगेगा, क्योंकि वह रोगी दूसरे स्थान पर जाकर अपना उपचार करवा लेता। महाभारत में लिखा है- 'यदि गुरु भी घमण्ड में आकर कर्तव्य और अकर्तव्य का ज्ञान खो बैठे और कुमार्ग पर चलने लगे तो उसका परित्याग करने का विधान है।' गुरुगीता में लिखा है- 'ज्ञानरहित, मिथ्यावादी और भ्रम उत्पन्न करने वाले गुरु का त्याग कर देना चाहिये; क्योंकि जो खुद शान्ति प्राप्त नहीं कर सकता, वह दूसरों को शान्ति कैसे देगा?' जिस गुरु के ऊपर दैवीय कृपा होगी, उसके मुख से प्राप्त मंत्र में भी शक्ति होगी और उन गुरु के मुख से लिये मंत्र को जप करने में बड़ा आनन्द आयेगा, मन भी लगेगा, घंटों पूजा करने में भी कुछ समस्या नहीं होगी, इसके विपरित सब उल्टा होगा। एक जितेन्द्रिय, विशिष्ट उपासक गुरु का आशीर्वाद हाथी दांत की तरह होता है, जो मनुष्य के अज्ञानरूपी द्वार को तोड़ देता है। गुरु शिष्य रूपी संवाद को यहीं समाप्त कर भगवान् शरभेश्वर की पूजा पद्धति की ओर पुनः प्रस्थान करते हैं। गुरु शिष्य विषय पर विस्तृत चर्चा फिर कभी करेंगे।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

साधनारम्भः- साधक पवित्र होकर पूजास्थल में प्रवेश करे। प्राणायाम कर गणपति, गुरु, नवग्रहों, पंचदेवताओं, एकादशरुद्र और उनकी शक्तियों का अर्चन कर यंत्र अथवा शिवलिंग में भगवान् शरभेश्वर का आवाह्नादि कर गन्धाक्षत एवं पुष्प से प्रत्येक मंत्रवर्ण और मातृका पूजा सम्पन्न करे। जैसे-

।।मंत्रवर्ण पूजा।।

खं ॐ रूपाय नमः। खं खें रूपाय नमः। खं खां रूपाय नमः। खं खं रूपाय नमः। खं फट् रूपाय नमः। खं प्रा रूपाय नमः। खं ण रूपाय नमः। खं ग्र रूपाय नमः। खं हा रूपाय नमः। खं सि रूपाय नमः। खं प्रा रूपाय नमः। खं ण रूपाय नमः। खं ग्र रूपाय नमः। खं हा रूपाय नमः। खं सि रूपाय नमः। खं हुं रूपाय नमः। खं फट् रूपाय नमः। खं स रूपाय नमः। खं र्व रूपाय नमः। खं श रूपाय नमः। खं त्रु रूपाय नमः। खं सं रूपाय नमः। खं हा रूपाय नमः। खं र रूपाय नमः। खं णा रूपाय नमः। खं य रूपाय नमः। खं श रूपाय नमः। खं र रूपाय नमः। खं भ रूपाय नमः। खं शा रूपाय नमः। खं लु रूपाय

नमः। खं वा रूपाय नमः। खं य रूपाय नमः। खं प रूपाय नमः। खं क्षि रूपाय नमः। खं रा रूपाय नमः। खं जा रूपाय नमः। खं य रूपाय नमः। खं हुं रूपाय नमः। खं फट् रूपाय नमः। खं स्वा रूपाय नमः। खं हा रूपाय नमः।

।।मातृका पूजा।।

'अ' से लेकर 'क्ष' तक पचास अक्षरों को 'मातृका' कहते हैं। 'मातृका' का अर्थ है माता अथवा जननी। समस्त मंत्र वर्णात्मक हैं और मंत्र परम शक्तिस्वरूप हैं। इन्हीं मंत्रात्मक वर्णों से समस्त विश्व का सृजन और समस्त मंत्रों का निर्माण हुआ है। मंत्रात्मक अक्षरों को ब्रह्मशब्द कहा जाता है। इसलिये इनके संयोग से शरभेश्वर की साधना करने से मंत्र शीघ्र सिद्ध होते हैं।

खं अं रूपाय नमः। खं आं रूपाय नमः। खं इं रूपाय नमः। खं ईं रूपाय नमः। खं उं रूपाय नमः। खं ऊं रूपाय नमः। खं ऋं रूपाय नमः। खं ॠं रूपाय नमः। खं ऌं रूपाय नमः। खं ॡं रूपाय नमः। खं एं रूपाय नमः। खं ऐं रूपाय नमः। खं ओं

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

रूपाय नमः। खं औं रूपाय नमः। खं अं रूपाय नमः। खं अः रूपाय नमः। खं कं रूपाय नमः। खं खं रूपाय नमः। खं गं रूपाय नमः। खं घं रूपाय नमः। खं ङं रूपाय नमः। खं चं रूपाय नमः। खं छं रूपाय नमः। खं जं रूपाय नमः। खं झं रूपाय नमः। खं ञं रूपाय नमः। खं टं रूपाय नमः। खं ठं रूपाय नमः। खं डं रूपाय नमः। खं ढं रूपाय नमः। खं णं रूपाय नमः। खं तं रूपाय नमः। खं थं रूपाय नमः। खं दं रूपाय नमः। खं रूपाय धं नमः। खं नं रूपाय नमः। खं पं रूपाय नमः। खं फं रूपाय नमः। खं बं रूपाय नमः। खं भं रूपाय नमः। खं मं रूपाय नमः। खं यं रूपाय नमः। खं रं रूपाय नमः। खं लं रूपाय नमः। खं वं रूपाय नमः। खं शं रूपाय नमः। खं षं रूपाय नमः। खं सं रूपाय नमः। खं हं रूपाय नमः। खं लं रूपाय नमः। खं क्षं रूपाय नमः। इसके पश्चात् स्थिर मन से शरभेश्वर के मंत्रों का जागरण करें। शरभेश्वर साधना की प्रथम सीढ़ी एकाक्षर मंत्र है। सर्वप्रथम इसी की दीक्षा ग्रहण करें। इसके पश्चात् क्रम से आगे बढ़ते जायें।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

।।एकाक्षर मंत्र।।

'खं।'

।।षड्क्षर मंत्र।।

विनियोगः- अस्य मंत्रस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, पक्षिरूपो शालुवो देवता, ॐ बीजं, हुं शक्तिः, क्रौं कीलकं, सर्वार्थ सिद्धये जपे विनियोगः।

मंत्र के द्वारा अथवा बीजमंत्र से षडंगन्यास करें:-

ध्यानम्:-

उग्राकारोग्रदृष्टि प्रकटितभयदं दंभोलिघोषं

ज्वालामालापटाग्रे ज्वलदनल समं हारकेयूरभूषम्।

हालाहल कलंकरन्ध्रसहितं हंसात्मकं केशरम्

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

वंदेऽहं हरि पार्वती पति विरंचयात्मं चिरं शालुवम्।।

मंत्रः- 'ॐ श्रीं आं क्रौं हुं अं।'

।।अष्टाक्षरमंत्र।।

'ॐ आं क्षौं ह्रीं हुं हुं हुं फट्।'

।।शरभराजमूलमंत्र।।

भगवान् शिव का यह महामंत्र भोगमोक्ष प्रदान करने वाला है। जिसके जप से मनुष्य सभी पापों से मुक्त होकर परमसौभाग्य को प्राप्त करता है। यह दिव्य मंत्र राज्यभय, चोरभय, मृत्युभय का विनाशक व सर्वजयप्रदाता है। विधिमय मंत्रसाधना से सर्वापदाओं से मुक्त होकर साधक शिवधाम को प्राप्त करता है।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

विनियोगः- अस्य श्रीशरभेश्वरमंत्रस्य कालाग्नि रुद्रः ऋषिः, जगती छन्दः, भगवान् शरभेश्वरोदेवता, खंकार बीजम्, स्वाहा शक्तिः अभीष्ट प्रयोग सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

करन्यास व हृदयादिन्यासः-

ॐ खें खां खं फट् ... अंगुष्ठाभ्यां नमः ... हृदयाय नमः।

प्राणग्रहसि-प्राणग्रहसि हुं फट् ... तर्जनीभ्यां नमः ... शिरसे स्वाहा।

सर्वशत्रुसंहारणाय ... मध्यमाभ्यां नमः ... शिखायै वषट्।

शरभशालुवाय ... अनामिकाभ्यां नमः ... कवचाय हुम्।

पक्षिराजाय ... कनिष्ठिकाभ्यां नमः ... नेत्रत्रयाय वौषट्।

हुं फट् स्वाहा ... करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ... अस्त्राय फट्।

ध्यानम्ः-

चंद्रादित्याग्निदृष्टिः कुलिशवरनखश्चंचुरत्युग्रजिह्वः

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

काली दुर्गा च पक्षौ हृदय जठरगौ भैरवो वाडवाग्निः।

ऊरुस्थौ व्याधिमृत्यु शरभवरखगश्चंडवातातिवेगः

संहर्ता सर्वशत्रून्विजयतु शरभः सालुवः पक्षिराजः।।

विमलनभमहोद्यत्कृत्तिवासो वसानम्

द्रुहिण सुरमुनीन्द्रैः स्तूयमानं गिरीशम्।

स्फटिकमणि जपास्रक् पुस्तकोद्यत्कराब्जम्

शरभमहमुपासे सालुवेशं खगेशम्।।

मंत्रः- 'ॐ खें खां खं फट् प्राण-ग्रहसि प्राण-ग्रहसि हुं फट् सर्वशत्रुसंहारणाय शरभशालुवाय पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।'

यह महामंत्र 42 अक्षरों का है। प्रत्येक मंत्रवर्ण पर एक हजार जप करने से 42 हजार मंत्र का जप होता है। दशांश हवन, हवन का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन एवं मार्जन का दशांश ब्राह्मण भोजन कराना चाहिये। अधिक लाभ हेतु विधिवत्

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

एक लाख जप करें। इस प्रकार किये गये मंत्र जप से शत्रुओं का समूल नाश होता है एवं सर्वबाधाओं से मुक्ति मिलती है। मूल मंत्र के साथ यथासम्भव गायत्री का जप अवश्य करना चाहिये।

पक्षिराज गायत्रीः- 'ॐ पक्षिराजाय विद्महे शरभेश्वराय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात्।'

लक्ष्मीकारक मंत्रः- 'ॐ श्रीं ह्लूं स्वाहा शरभ शालुवाय स्वाहा ह्लूं श्रीं हूं ह्रीं ॐ।'

बालासुन्दरी सम्पुटित मंत्रः- 'ॐ ऐं क्लीं सौंः हुं हुं हुं शालुवाय हुं हुं हुं सौंः क्लीं ऐं स्वाहा।'

।।शत्रुनाशक शरभराज मंत्र।।

वास्तविक शत्रुदल से मुक्ति या संहार हेतु ही इन मंत्रों का प्रयोग करना चाहिये। वह भी तब जब मनुष्य के द्वारा किये गये

सारे प्रयास विफल होने लगें। मंत्रों द्वारा देवताओं को छोटे-मोटे कार्यों के लिये कष्ट देने से मनुष्य दोष का भागी बनता है।

1- 'ॐ ह्सौं खें खां खं घ्रां घ्रूं हां हूं हुं फट् सर्वशत्रु संहारणाय शरभ शाल्लवाय कालाग्निरुद्राय पक्षिराजाय हुं फट् स्वाहा।'

2- 'ॐ नमो भगवते शरभ शालवाय पक्षिराजाय मम शत्रुन्नाशय नाशय घः घः हुं फट् स्वाहा।

3- 'ॐ नमो भगवते प्रलय कालाग्नि रुद्राय दक्षाध्वर ध्वंसकाय महाशरभाय मम शत्रुन् छेदनं कुरु-कुरु स्वाहा।'

।।शरभराज-चित्रमालामंत्र।।

विनियोगः- अस्य श्रीआकाशभैरवचित्रमालामंत्रस्य श्रीआनन्दभैरव ऋषिः। गायत्री छन्दः। श्रीआकाशभैरव देवता। ह्रीं बीजं। हुं शक्तिः। सर्वाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

ऋष्यादिन्यासः- श्रीआनन्दभैरव ऋषये नमः शिरसि। गायत्री छन्दसे नमः मुखे। आकाश भैरव देवतायै नमः हृदि। ह्रीं बीजाय नमः गुह्ये। हुं शक्तयै नमः पादयोः। सर्वाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

करन्यास व हृदयादिन्यासः-

ह्रां ... अंगुष्ठाभ्यां नमः ... हृदयाय नमः।

ह्रीं ... तर्जनीभ्यां नमः ... शिरसे स्वाहा।

ह्रूं ... मध्यमाभ्यां नमः ... शिखायै वषट्।

ह्रैं ... अनामिकाभ्यां नमः ... कवचाय हुम्।

ह्रौं ... कनिष्ठिकाभ्यां नमः ... नेत्रत्रयाय वौषट्।

ह्रः ... करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः ... अस्त्राय फट्।

ध्यानम्ः-

सहस्रपाणि पदवक्त्रं, सहस्र-त्रयलोचनम्।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

सर्वाभीष्टप्रदं देवं, स्मरेद् आकाशभैरवम्।।

मंत्रः-

"ॐ नमो भगवते आकाशभैरवाय निखिललोकप्रियाय प्रणतजन परिताप विमोचनाय सकलभूतनिवारणाय सर्वाभीष्टप्रदाय नित्याय सच्चिदानंदविग्रहाय सहस्रबाहवे सहस्रमुखाय सहस्रत्रिलोचनाय सहास्रचरणाय करालाय अखिल रिपुसंहार कारणाय अनेककोटि ब्रह्मकपालमालाअलंकृताय नररुधिरमांसभक्षणाय महाबलपराक्रमाय महादन्तराय विषमोचनाय पर मंत्रयंत्रतंत्र विद्या विच्छेदनाय प्रसन्नवदनाम्बुजाय एह्येहि आगच्छागच्छ ममाभीष्टं आकर्षयाकर्षय आवेशयावेशय मोहय 2 भ्रामय 2 द्रावय 2 तापय 2 साधय 2 बंधय 2 भाषय 2 क्षोभय 2 भूतप्रेतादि पिशाचान् मर्दय 2 कुर्दम 2 पाटय 2 मोटय 2 गुंफय 2 कंपय 2 ताडय 2 त्रोटय 2 भेदय 2 छेदय 2 चंडवातातिवेगाय संतत गंभीर विजृंभणाय संकर्षय 2 संक्रामय 2 प्रवेशय 2 स्तोभय 2 स्तंभय 2 तोदय 2 खेदय 2 तर्जय 2 गर्जय 2 नादय 2 रोदय 2 घातय 2 वेतय 2 सकल

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

रिपुजनाछिन्धि 2 भिन्दय 2 अंधय 2 रूंधय 2 नर्दय 2 बंधय 2 श्रीं ह्रीं क्लीं कल्याणकारणाय श्मशानानंद महाभोगप्रियाय देवदत्तं (अमुकं) आनय 2 दूनय 2 कलेय 2 मेलय 2 प्रपन्न वत्सलाय प्रतिवदन दहनामृत किरणनयनाय सहस्रकोटि वेताल परिवृताय मम रिपूनुच्चाट्योच्चाट्य नेपय 2 तापय 2 सेचय 2 मोचय 2 लोटय 2 स्फोटय 2 ग्रहण 2 अनंत वासुकि तक्षक कर्कोटक पदम महापद्म शंख गुलिक महानाग भूषणाय स्थावर जंगमानां विषं नाशय 2 प्राशय 2 भस्मीकुरु 2 भक्तजनवल्लभाय सर्गस्थितिसंहारकारणाय कथय 2 सर्वशत्रून् उद्रेकय 2 विद्वेषय 2 उत्सादय 2 बाधय 2 साधय 2 दह 2 पच 2 शोषय 2 पोषय 2 दूरय 2 मारय 2 भक्षय 2 शिक्षय 2 समस्तभूतं शिक्षय 2 श्रीं ह्रीं क्लीं क्ष्म्रयैं अनवरत तांडवाय आपदुद्धारणाय साधुजनान् तोषय 2 भूषय 2 पालय 2 शीलय 2 कामक्रोधलोभमोहमद मात्सर्यं शमय 2 दमय 2 त्रासय 2 शासय 2 क्षिति जल दहन मारुत गगन तरणि सोमात्मशरीराय शम-दमोपरति तितिक्षा समाधानं श्रद्धां दापय 2

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

प्रापय 2 विघ्न विच्छेदनं कुरु 2 रक्ष क्ष्म्रचैं क्लीं ह्रीं श्रीं ब्रह्मणे स्वाहा।"

भगवान् आकाश भैरव का यह गोपनीय महामंत्र है। जिसके स्मरण व जप से मनुष्य के सर्वदुःखो व व्याधियों का भंजन होता है। इस मंत्र का प्रभाव अत्यन्त उग्र है, इसलिये किसी कार्य की सिद्धि हेतु प्रारम्भ में नित्य रात्रि 7 या 9 पाठ ही करें।

।।सर्व रोगनिवारण शरभ शाबर मंत्र।।

"ॐ नमो भगवते शरभ सालुवाय सकल रोग संहारिणे चटकोच्छेनकराय पेशाचिनीदारणाय घे घे शरभाय ग्रसि शरभ सालुवा ग्लौं शरभाय निरोगामाडु मुईल्ल दिद्दरे महामायी आणे, महेश्वरनाणे, प्रलयकालरुद्रनाणे, कालभैरवनाणे, निरोगामाडु दिद्दरे निनग कैलासपति पाणे। ॐ गुरु प्रसादम्।"

शाबर परम्परानुसार गुरु आज्ञा से इस मंत्र को सिद्ध करने से गम्भीर रोगों की समाप्ति होती है। मंत्र के द्वारा अभिमंत्रित

जल पीने से शरीर में दिव्य ऊर्जा का वास होता है और ग्रहपीड़ा से शान्ति मिलती है। परिस्थितिनुसार जप करें।

।।श्रीनृसिंह कृतं श्रीशरभ स्तुति।।

श्रीनृसिंह उवाचः-

ॐ नमो रुद्राय शर्वाय महाग्रासाय विष्णवे।

नमः उग्राय भीमाय नमः क्रोधाय मन्यवे।।

नमो भवाय शर्वाय शंकराय शिवाय ते।

कालकालाय कालाय महाकालाय मृत्यवे।।

वीराय वीरभद्राय क्षयद्वीराय शूलिने।

महादेवाय महते पशूनां पतये नमः।।

एकाय नीलकण्ठाय श्रीकण्ठाय पिनाकिने।

नमोऽनन्ताय सूक्ष्माय नमस्ते मृत्युमन्यवे।।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

पराय परमेशाय परात्परतराय ते।

परात्पराय विश्वाय नमस्ते विश्वमूर्तये।।

नमो विष्णुकलत्राय विष्णुक्षेत्राय भानवे।

कैवर्ताय किराताय महाव्याधाय शाश्वते।।

भैरवाय शरण्याय महाभैरवरूपिणे।

नमो नृसिंहसंहर्त्रे कामकालपुरारये।।

महापाशौघसंहर्त्रे विष्णुमायान्तकारिणे।

त्र्यम्बकायै त्र्यक्षराय शिपिविष्टाय मीढुषे।।

मृत्युंजयाय शर्वाय सर्वज्ञाय मखारये।

मखेशाय वरेण्याय नमस्ते वह्निरूपिणे।।

महाघ्राणाय जिह्वाय प्राणापानप्रवर्तिने।

त्रिगुणाय त्रिशूलाय गुणातीताय योगिने।।

संसाराय प्रवाहाय महायंत्रप्रवर्तिने।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

नमश्चन्द्राग्निसूर्याय मुक्तिवैचित्र्यहेतवे।।

वरदायावताराय सर्वकारणहेतवे।

कपालिने करालाय पतये पुण्यकीर्तये।।

अमोघायाग्निनेत्राय लकुलीशाय शम्भवे।

भिषक्तमाय मुण्डाय दण्डिने योगरूपिणे।।

मेघवाहाय देवाय पार्वतीपतये नमः।

अव्यक्ताय विशोकाय स्थिराय स्थिरधन्विने।।

स्थाणवे कृत्तिवासाय नमः पंचार्थहेतवे।

वरदायैकपादाय नमश्चन्द्रार्धमौलिने।।

नमस्तेऽध्वरराजाय वयसां पतये नमः।

योगीश्वराय नित्याय सत्याय परमेष्ठिने।।

सर्वात्मने नमस्तुभ्यं नमः सर्वेश्वराय ते।

एकद्वित्रिचतुः पंचकृत्वस्तेऽस्तु नमो नमः।।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

दशकृत्वस्तु साहस्रकृत्वस्ते च नमो नमः।

नमोऽपरिमितं कृत्वानन्तकृत्वो नमो नमः।।

नमो नमो नमो भूयः पुनर्भूयो नमो नमः।

इस प्रकार नृसिंह भगवान् ने एक सौ आठ नामों से शरभरूप ईश्वर की स्तुति कर उनसे पुनः प्रार्थना की- हे परमेश्वर! जब-जब अति अहंकार से दूषित अज्ञान मुझमें उत्पन्न हो, तब-तब आप उसे दूर करें।

साधकजन भी इस तथ्य को भली भांति समझें। मनुष्य को साधना या किसी भी विद्या को लेकर अंहकार के एक कण का भी स्वयं में प्रवेश नहीं होने देना चाहिये। अहंकार का बीज उत्पन्न होते ही मनुष्य के गुणों का पतन होना आरम्भ हो जाता है, चाहे वह स्वयं देवता के समान ही क्यों न हो। आपमें जो भी ज्ञान या कला है वह ईश्वर की कृपा से ही प्राप्त हुई है, सदा इसी धारणा से जीवन निर्वाह करें।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

।।शरभराज-हृदय-स्तोत्रम्।।

समुद्र मन्थन से पूर्व नारायण शरभहृदय का प्रतिदिन प्रातःकाल तीस बार पाठ करते थे। इस प्रकार तीन महीनों तक पाठ करने से भगवान् शरभसालुव प्रकट हुए। नारायण ने भूमि पर लेटकर उन्हें दण्डवत प्रणाम किया। तब महातेजस्वी शालुव ने उन्हें उठाकर उनके माथे को सूंघा और संतुष्ट होकर शालुव ने नारायण से कहा कि तुम्हारा कार्य निर्विघ्न पूरा होगा। यह कहकर उन्होंने नारायण को संसार के रक्षण का प्रभार दिया। तब शालुवेश ने कहा कि हे विष्णु! इस हृदय स्तोत्र का पाठ सभी पापों व शत्रुओं का विनाशक व पुण्यफल प्रदाता है। यह पाठ सर्व सौभाग्यदायक तथा सभी कल्याणों की वृद्धि करने वाला है।

विनियोगः- अस्य श्री शरभहृदयस्तोत्रमंत्रस्य कालाग्नि रुद्रः ऋषिः, जगती छन्दः, श्रीशरभराजदेवता, खं बीजं, स्वाहा शक्तिः, नमः कीलकम् इष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

मूलमंत्र से षडंगन्यास करें:-

स्तोत्रम्:-

प्रथमं पक्षिराजं च द्वितीयं शरभं तथा।

तृतीयं सालुवं प्रोक्तं चतुर्थं लोकनायकम्।।

पंचमं रेणुकानाथं षष्ठं कालाग्निरुद्रकम्।

सप्तमं नारसिंहारिमष्टमं विश्वमोहनम्।।

श्रीं ह्रीं क्लीं नवमं चैव हुं हुं हुं दशमं तथा।

क्लीं श्रीं क्लीं एकादशं च द्वादशं सर्वमंत्रवित्।।

त्रयोदशं तु यंत्रेशं चतुर्दशं महाबलम्।

पंचदशं पापनाशं षोडशं च करालकम्।।

सप्तदशं महारौद्रं भीममष्टादशं तथा।

एकोनविंशं साम्बं च विंशकं शंकरं तथा।।

Shri Raj Verma ji
Mob +91-9897507933,+91-7500292413
Email - mahakalshakti@gmail.com

विंशोत्तरेकं सर्वेशं द्वाविंशं पार्वतीपतिः।

हुं हुं हुं च त्रयोविंशं चतुर्विंशमनन्तकम्।।

पंचाविंशं वृषारुढं षड्विंशं विश्वलोचनम्।

त्रिलोचनं सप्तविंशमष्टाविंशं खगेन्द्रकम्।।

पं पं पं नवविंशं च त्रिंशद् भुजंगभूषणम्।

लं लं लमेक त्रिंशं च द्वात्रिंशं पंचवक्त्रकम्।।

त्रयस्त्रिंशं च नन्दं च चतुस्त्रिंशंमतः परम्।

भं भं भं भं पंचत्रिंशं षट्त्रिंशं शत्रुनाशनम्।।

सप्तत्रिंशं स्वयंभूंच विश्वेशमष्ट त्रिंशकम्।

शूलपाणिं नवत्रिंशं चत्वारिंशत् कलाधरम्।।

